HAMIRPUR POLICE

थाना चिकासी

दिनाँक 06.12.2023

साइबर जागरूकता अभियान कार्यक्रम:-

आज दिनाँक 06/12/2023 को माह के प्रथम बुधवार के अवसर पर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश व पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर के निर्देश के क्रम में थाना चिकासी पुलिस के द्वारा पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज चिकासी में जाकर छात्र-छात्राओं व अध्यापक/ अध्यापिकाओं के साथ संवाद कर साइबर अपराध एवं उनकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

साइबर अपराध में डेविड कार्ड एटीएम फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन लॉटरी इनाम इत्यादि संबंधित लिंक भेजने संबंधित फ्रॉड और ओलेक्स, शॉपिंग ऍप्स संबंधित अपराध, एनीडेस्क क्विक सपोर्ट जैसे रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन डाउनलोड संबंधित, गूगल पर गलत कस्टमर केयर नंबर खोजने एवं फेसबुक व व्हाट्सएप संबंधित अपराधों के बारे में विस्तृत ढंग से बताया गया एवं कैसे इन अपराधों से बचा जाए उन तरीकों को बताया गया साथ ही इस संबंध में उनसे अपील की गई कि अपने पारिवारिक जनों व आस-पड़ोस के लोगों को भी साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जागरूक करें।

यदि किसी के साथ वित्तीय साइबर फ्रॉड़ होता है तो तुरंत www.cybercrime.gov.in/ साइबर सेल /संबंधित थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि शीघ्र कार्यवाही कर आपकी मदद की जा सके।